Title: Re: Establishment of Mental Health Wellness Centres and Hospitals in Assam.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहती हूँ कि आज की व्यस्त जीवनशैली और भाग दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति मानसिक रूप से थक जाता है और मानसिक रोगी हो जाता है जिसका उसे पता ही नही चलता । नेशनल मेंटल हैल्थ सर्वे ऑफ इंण्डिया के अनुसार इसमें 45 साल के उपर के व्यक्ति ज्यादातर प्रभावित होते है । इनके ऑकडों के अनुसार प्रत्येक छठा भारतीय व्यक्ति इससे प्रभावित है । ऑकडों के अनुसार असम व मणिपुर के लोग इससे ज्यादा प्रभावित है विशेष रूप से मध्यम वर्गीय परिवार । असम राज्य में ज्यादा मानसिक अस्पताल न होने के कारण आमजन को काफी परेशानी होती है ।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि असम राज्य में विशेषकर, गुवाहटी में सरकारी मेंटल हैल्थ वैलनेस सेंटर व अस्पतालो का निर्माण किया जाए ।